

श्री योगी आदित्यनाथ
मननीय मुख्यमंत्री,
उत्तर प्रदेश सरकार



श्री आशुतोष टण्डन
मननीय नगर विकास मंत्री
उत्तर प्रदेश सरकार



श्रीमती आशा शर्मा
मननीय महापौर
ग़ाज़ियाबाद

# ग़ाज़ियाबाद नगर निगम द्वारा कोविड–19 संक्रमण के संबंध में की गई कार्यवाही की विवरण पुस्तिका

▪प्रेरणा–श्री दीपक कुमार, आई.ए.एस., प्रमुख सचिव, नगर विकास, उ.प्र.शासन▪

प्रस्तुतकर्ताः



दिनेश चन्द्र
(IAS)
नगर आयुक्त, गजियाबाद नगर निगम

# साफ–सफाई

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा नगर निगम सीमान्तर्गत वृहद सफाई अभियान चलाया गया है जिसके अन्तर्गत समस्त वार्डो की समुचित साफ–सफाई, समय से कूडे का उठान, कूडे का निस्तारण, नाले/नालियों की साफ–सफाई व सिल्ट का समय से उठान, फोगिंग आदि कार्य निरन्तर कराये जा रहे है।

उपरोक्त के अतिरिक्त अभियान की इस कडी में गाजियाबाद नगर निगम सीमान्तर्गत स्थित पार्को, उद्यानों, ग्रीन बैल्टों एवं अन्य मुख्य एतिहासिक धरोहरों/मोन्यूमेन्ट्स का भी सौन्दर्यीकरण एवं साफ–सफाई कार्य कराया जा रहा है।







नगर निगम गाजियाबाद
TATA
नगर निगम गाजियाबाद
TATA

# कूड़ा कलेक्शन हेतु निगम द्वारा प्रयोग में लिये जा रहे वाहनों का विवरणः—

| क्र.सं. | वाहन का नाम | वाहन संख्या |
|---|---|---|
| 1 | टिपर | 59 |
| 2 | जे0सी0बी0 | 19 |
| 3 | टैम्पू | 58 |
| 4 | डी0पी0 | 18 |
| 5 | ट्रेक्टर | 25 |
| 6 | आर0सी0 | 19 |
| 7 | रोड स्वीपिंग मशीन | 06 |
| 8 | मिनी एक्सीवेटर | 09 |
| 9 | लोडर | 11 |
| 10 | पोर्कलेन बडी | 01 |
| 11 | चैनडोजर | 01 |
| 12 | फासिंग मशीन (बड़ी) | 01 |
| 13 | फासिंग मशीन (छोटी) | 02 |
| 14 | टाटा एसीई टैम्पू | 163 |
| 15 | ट्रेक्टर विद लोडर | 15 |
| 16 | डम्फर हाईवा | 20 |
| 17 | वैक्टरा हिमैन | 02 |
| 18 | जे0सी0बी0 लोडाल | 01 |
| | कुल योग | 430 |









# सैनिटाइजेशन

•निगम सीमातर्गत जिलाधिकारी महोदय एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी की आख्या/रिपोर्ट के क्रम में नगर निगम में उपलब्ध वाहनों एवं मैन्यूवल स्प्रे मशीनों द्वारा खुले स्थानों, शौचालयों, सार्वजनिक स्थलों, कालोनी/मोहल्लों, होम क्वारंटाइन पर सोडियम हाइपो क्लोराइड के मिश्रण को निर्धारित मानकों के अनुरूप पानी में मिश्रित करा कर नगर स्वास्थ्य अधिकारी की देख–रेख में छिड़काव का कार्य कराया जा रहा है।

•नगर आयुक्त महोदय के निर्देशों के क्रम में नगर निगम सीमान्तर्गत समस्त वार्डो में समुचित साफ–सफाई व्यवस्था एवं फॉगिंग का कार्य भी निरन्तर कराया जा रहा हैं।

•निगम सीमान्तर्गत कोविड–19 संक्रमण से बचाव कार्य में लगे/खुले सभी सरकारी कार्यालयों/भवनों, थानों, सरकारी/प्राईवेट अस्पतालों, कालेजों/शिक्षण संस्थानों, बैंकों, ए0टी0एम0, बाजारों एवं गैस एजेन्सियों के परिसरों को सोडियम हाइपो क्लोराइड के मिश्रण को निर्धारित मानकों के अनुरूप पानी में मिश्रित कराकर वाटर स्प्रिकलर वाहनों आदि के माध्यम से निरन्तर छिड़काव कराया जा रहा है।

•कोविड–19 के अन्तर्गत गाजियाबाद शहर में फंसे राहगिरो को शासन के निर्देशानुसार रहने हेतु गाजियाबाद नगर निगम द्वारा संचालित आश्रय स्थलों में रखा गया है। उनकी सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए आश्रय स्थलों में सभी मूलभूत सुविधायें यथा– भोजन, पेयजल, स्नान, शौचालय बिस्तर, मास्क, साबुन, सेनेटाइजर, प्रकाश व्यवस्था एवं मनोरजंन के लिये टी0वी0 की व्यवस्था कराते हुए समस्त आश्रय स्थल/रैन बसेरे को समय–समय सेनेटाईज भी कराया जा रहा है।

•कोरोना वायरस (कोविड–19) संक्रमण के प्रभाव को देखते हुए इससे बचाव एवं इसके फैलाव को रोकने के सम्बन्ध में शासन द्वारा समय–समय पर दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं। शासन द्वारा संक्रमण के फैलाव को रोकने हेतु जनपद गाजियाबाद को लॉक–डाऊन घोषित किया गया है। लॉक–डाऊन के अन्तर्गत गाजियाबाद नगर निगम द्वारा संक्रमण के प्रभाव को रोकने हेतु निरन्तर अपने दायित्वों एवं वर्तमान आवश्यकतानुसार सैनिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है।

•जिन क्षेत्रों में कोरोना वायरस के पॉजिटिव केस पाये गये हैं या संदिग्ध हैं, उन क्षेत्रों को हॉट–स्पाट घोषित कियाा गया है जिनमे शासन के आदेषों एवं जिलाधिकारी महोदय व मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर डॉ. मिथिलेश कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जोनल सेनेट्री आफिसर, समस्त सफाई एवं खादय निरीक्षकों की देख–रेख में अनुमन्य क्षेत्रफल में सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है।

•हॉट–स्पॉट क्षेत्र – कौशाम्बी स्थित एक सोसाईटी, वसुन्धरा सै0–2 बी, वैशाली सै0–06, शिप्रा अपार्टमेंट, आक्सीहोम भौपुरा, नन्दग्राम निकट मस्जिद, के0डी0पी0 सोसाईटी राजनगर एक्सटेशन एवं सेवियर पार्क सोसाईटी 108, कटोरी मील लोनी रोड़ मोहननगर, पसौड़ा, बी–77–जी–5, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन–02, खाटू श्याम कॉलोनी दुहाई, स्क्रीड होम सोसाईटी एन0एच0–24 लैण्ड क्राफ्ट के पास', डासना, मसूरी, ज्ञान खण्ड इंदिरापुरम एरिया में पॉजिटिव केस पाया गया। उक्त क्षेत्रों की परिधि में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशानुसार आवश्यक वैज्ञानिक पद्यति का उपयोग करते हुए सेनेटाईजेशन का कार्य किया जा रहा है।



**कोरोना वायरस (कोविड–19) संक्रमण के फेलाव से बचाव हेतु नगर निगम द्वारा लगाये गये वाहनों एवं उन पर तैनात कर्मचारियों का विवरण**

| क्र0 | वाहनों के नाम | वाहनों की संख्या | कर्मचारियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | वाटर स्प्रींकलर वाहन (सोडियम हाइपो क्लोराइड 1 प्रतिशत सॉल्यूशन के छिड़काव हेतु) | 05 | 10(एक गाडी पर दो) |
| 2 | हाईपॉवर स्प्रे मशीन (सोडियम हाइपो क्लोराइड 1 प्रतिशत सॉल्यूशन के छिड़काव हेतु) | 05 | 10(एक गाडी पर दो) |
| 3 | मैनुअल हैण्ड स्प्रे(सोडियम हाइपो क्लोराइड 1 प्रतिशत सॉल्यूशन के छिड़काव हेतु) | 100 | 100 |
| 4 | फायर ब्रिगेड की बडी गाडी (सोडियम हाइपो क्लोराइड 1 प्रतिशत सॉल्यूशन के छिड़काव हेतु) | 03 | 25(एक गाडी पर पांच) |
| 5 | फायर ब्रिगेड की छोटी गाडी (सोडियम हाइपो क्लोराइड 1 प्रतिशत सॉल्यूशन के छिड़काव हेतु) | 03 | 25(एक गाडी पर तीन) |
| 6 | बड़ी फॉगिंग मशीन (शहर में फॉगिंग कार्य हेतु) | 05 | 10(एक गाडी पर दो) |
| 7 | छोटी फॉगिंग मशीन (शहर में फॉगिंग कार्य हेतु) | 100 | 100 |
| कुल | | 221 | 264 |

# कर्मियों की सुरक्षा के दृष्टिगत कार्यवाही

•नगर आयुक्त द्वारा कोविड–19 संक्रमण के प्रभाव को रोकने के लिए छिड़काव एवं सफाई कार्य में लगे कर्मचारियों/सफाई कर्मियों (सफाई श्रमिकों) को आवश्यकतानुसार प्रतिदिन सेनेटाइजर, साबुन एवं मास्क आदि आवश्यक सामग्री स्वयं एवं नगर निगम के अधिकारियों के माध्यम से भी वितरित कराये जा रहे हैं।

•कर्मचारियों हेतु 10000 थ्री–लेयर मॉस्क की आपूर्ति कर उपलब्ध करायी गई है। ये सभी मास्क नगर निगम द्वारा विशेष रूप से कपड़ों से तैयार कर प्रयोग कराये जा रहे है जिनको डिटरजेन्ट से धोकर पुनः प्रयोग किया जा सकता है।

•कोविड–19 के अन्तर्गत कार्य करने वाले सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को 10000 हैण्डवॉश व सैनिटाइजर के साथ 10000 साबुन आपूर्ति कर उपयोग हेतु उपलब्ध कराया गया है। सैनिटाइजर, मास्क एवं साबुन का बफर स्टॉक भी तैयार कराया गया है।

•कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा प्राप्त दिशा–निर्देशों के अनुरूप समस्त कर्मियो को समय–समय पर प्रशिक्षित भी किया जा रहा है।

•नगर निगम द्वारा ऐसे सभी कर्मचारी जिनके द्वारा क्वैरेन्टाइन परिसरों के आस–पास सैनिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है के लिए पी.पी.ई. किट की आपूर्ति भी निगम द्वारा की गयी है।नगर निगम गाजियाबाद क्षेत्र में बायो–मेडिकल वेस्ट का निस्तारण वैज्ञानिक रीति से मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय द्वारा अनुबंधित फर्म द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है।

•इसके अतिरिक्त नगर निगम द्वारा मास्कों आदि के डिस्पोज़ल के लिए विशेष रूप से 50 स्थलों पर मास्क बर्निंग मशीन विस्थापित की गयी है।
















# कम्यूनिटी किचन का संचालनः

•नगर निगम गाजियाबाद द्वारा नगरीय क्षेत्र में नगर निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा स्वयं के आर्थिक सहयोग से 02 मुख्य सामुदायिक रसोईघरों का संचालन किया जा रहा है यथा– नेहरूनगर स्थित सामुदायिक भवन एवं वसुंधरा स्थित आवास विकास विभाग के विश्राम गृह। इसके अतिरिक्त क्षेत्रीय रूप में 02 लघु क्षमता रसोईघर का संचालन किया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय से समन्वय स्थापित कर अपील के माध्यम से स्वयं सेवी संगठनों/एनजीओ/आरडब्लूए/औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं व्यापारिक संगठनों आदि से निःशुल्क भोजन के पैकेट तैयार कर वितरण किया जा रहा है। यह अवगत कराना है कि महामारी के प्रारंभिक दिनों में स्वयं सेवी संगठनों/प्रतिस्ठानों द्वारा निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जा रहा था परन्तु वर्तमान में अब कुछ ही स्वयं सेवी संगठन सक्रीय हैं। अतः नगर निगम द्वारा वर्तमान समय में लगभग **12000** भोजन के पैकेटों की व्यवस्था प्रतिदिन की जा रही है। दिनांक 19.04.2020 तक कुल लगभग **458246** पैकेट

•भोजन के पैकेट वितरण करने हेतु सड़कों पर भीड़ एकत्रित न हो इस व्यवस्था को सुनिश्चित करने हेतु वार्डवार टीम गठित की गई है जो जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की सहयोग से आवश्यकतानुसार सामाजिक दूरी बनाते हुए भोजन वितरण किया जा रहा है।

•विगत दिनांक 29.03.2020 से 31.03.2020 तक लाखों की संख्या में लोगों का पलायन राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से हुआ था। इस सभी लोगों की भूख प्यास के कारण किसी प्रकार की कोई जन हानि न हो, को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम द्वारा उपरोक्त तिथियों में सुबह/शाम मिलाकर 40000 भोजन के पैकेटों का वितरण सफलतापूर्वक कराया गया एवं पेयजल व्यवस्था हेतु आवश्यकतानुसार राजमार्गों पर पानी के टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की गई। यह कार्य **24x7** तीन दिवस तक चला लोगों द्वारा उत्सर्जित सॉलिड वेस्ट का नियमानुसार त्वरित निस्तारण सफाई कर्मियों द्वारा किया गया। यह अत्यंत चुनौती भरा कार्य था जिसमें नगर निगम के स्वास्थ्य कर्मियों की जितनी भी प्रशंसा की जाये कम है।











•उपरोक्त समस्त व्यवस्थाओं के अतिरिक्त एवं कोविड 19 संक्रमण के बचाव हेतु लॉक–डाऊन होने के उपरान्त नागरिकों के कोविड–19 से जुडी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए नगर निगम मुख्यालय पर कंट्रोल रूम **24x7** स्थापित किया गया है जिसका टॉलफ्री नंबर 18001803012 एवं दूरभाष 0120–2791418 2790369 है।

•कोविड–19 के अंतर्गत गाजियाबाद नगर निगम से संबंधित जितनी भी शिकायतें आई.जी.आर.एस. पोर्टल के माध्यम से प्राप्त हो रही हैं उनका गुणवत्तापरक एवं त्वरित निस्तारण कर दिया जाता है। निस्तारित किये गये संदर्भों के संबंध में शिकायतकर्ता से भी दूरभाष पर संपर्क कर निस्तारण की स्थिति से भी अवगत कराया तथा पूछताछ निरंतर की जाती है।


सत्यमेव जयते







# कोविड–19 संक्रमण के दौरान किये गये कुछ विशेष कार्यः



•कोविड–19 के कारण भरण पोषण की समस्या वाले व्यक्तियों का गजियाबाद नगर निगम द्वारा चयन कर उन्हें केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्राप्त निर्देशों एवं शासनादेश संख्या 198/एक–11– 2020–रा.–11 दिनांक 24 मार्च 2020 के अनुपालन में दिनांक 19.04.2020 तक लगभग **29460** व्यक्तियों में से **17409** व्यक्तियों का सत्यापन किया गया एवं जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय द्वारा उक्त 17350 व्यक्तियों में से **15107** लाभार्थियों को कुल धनांक रूपये:15107000.00 की राहत राशि रू.1000.00 प्रति व्यक्ति की दर से डी.बी.टी. के माध्यम से निर्गत की जा चुकी है।

# कोविड–19 संक्रमण के दौरान किये गये कुछ विशेष कार्यः

•कोविड–19 संक्रमण के रोकथाम हेतु लगाये गये लॉकडाउन से प्रभावित ऐसे जरूरतमंद व्यक्ति जिन्हें भोजन सामग्री/भोज्य पदार्थ की आवश्यकता है को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम द्वारा दिनांक 27.03.2020 से दिनांक 18.04.2020 तक कुल लगभग 442546 खाने के पैकेटों का वितरण किया जा चुका है। साथ ही आगामी दिवसों हेतु आवश्यकता के दृष्टिगत निगम द्वारा पूर्ण रूप से जनहित में तत्परता रखी जायेगी। मा0 महापौर के संरक्षण एवं नगर आयुक्त तथा निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों के सहयोग से वित्त पोषित 02 सामुदायिक रसोई का संचालन किया जा रहा है।








## कोविड–19 संक्रमण के दौरान किये गये कुछ विशेष कार्य:

•कोविड–19 आपदा के दृष्टिगत आपदा पीड़ितों के सहायतार्थ नगर आयुक्त एवं नगर निगम के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में रू. 300000.00 का अंशदान चेक के माध्यम से दिया गया है। नगर आयुक्त द्वारा आपदा पीड़ितों के सहायतार्थ नगर के संभ्रान्त नागरिकों से समाचार पत्रों के माध्यम से भी अपील की गई है। जिससे प्रभावित होकर नगर वासियों द्वारा भी मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में अपनी स्वेच्छा से अंशदान किया जा रहा है।

•गजियाबाद नगर निगम प्रदेश का पहला निकाय है जिसके द्वारा कोविड–19 के संक्रमण के रोकथाम हेतु समस्त नियमों का पालन करते हुए संपूर्ण शहर को सैनिटाइज़ किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। सफाई व्यवस्था (रात्रि कालीन एवं प्रातः कालीन), जलापूर्ति एवं सीवर समस्याओं को नित–प्रतिदिन दूर कराते हुए साफ–सफाई का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। संपूर्ण निगम सीमा क्षेत्र में निरंतर रोस्टर के अनुसार एवं आवश्यकता के अनुसार फॉगिंग का कार्य भी किया जा रहा है।

# कोविड–19 संक्रमण के दौरान किये गये कुछ विशेष कार्य:

•कोवडि–19 के प्रभाव को रोकने हेतु गाजियाबाद नगर निगम द्वारा निरंतर किये जा रहे सैनिटाइजेशन कार्य में गाजियाबाद के अग्निशमन विभाग द्वारा भी अपने विभाग के 2 छोटे व 2 बड़े वाहनों के माध्यम से गाजियाबाद के विभिन्न क्षेत्रों/कॉलोनियों में सैनिटाइजेशन कराया जा रहा है। अग्निशमन विभाग को सैनिटाइजेशन कराने के लिये नगर निगम द्वारा प्रतिदिन आवश्यकतानुसार सोडियम हाइपोक्लाराइड उपलब्ध कराया जा रहा है। दोनो विभागों द्वारा दिन में 2 बार सघन रूप से सैनिटाइजेशन का कार्य निरंतर जारी है।










<u>कोविड–19, सोशल डिस्टेन्सिंग</u>

कोविड–19 के संबंध में निर्गत दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराये जाने एवं जागरूकता के स्तर को उच्च श्रेणी के रखने हेतु गाजियाबाद नगर निगम के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को प्रत्येक दशा में मास्क लगाने एवं सोशल डिस्टेंसिंग रखने हेतु नगर आयुक्त द्वार कड़े निर्देश भी जारी किये गये हैं। इस क्रम में जिन अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा नियमों को पालन नहीं किया जा रहा है उनपर दण्ड आरोपित करते हुए एवं दिशानिर्देश जारी कर कार्यवाही की जा रही है। जिससे दण्डित अधिकारी/कर्मचारी इससे सीख लेकर अन्य को भी समस्त नियमों को पालन कराने में अपना सहयोग दे सके।








# निराश्रित गौवंश हेतु की गई कार्यवाही:

•नगर निगम द्वारा गौवंश के संरक्षण हेतु ग्राम–सिहनी स्थित 15510 वर्ग मी.भूमि में नन्दी पार्क के नाम से निराश्रित गौआश्रय स्थल की स्थापना की गयी है। उक्त नन्दी पार्क में वर्तमान में 1450 गौवंश सुंरक्षित है। गौवंशों की प्रतिकूल मौसम में कोई क्षति न हो इसलिये नन्दी पार्क में 15 टीन शैड का निर्माण कराया गया है व नन्दी पार्क के निकट नगर निगम के बाग में गौवंशों की विश्राम हेतु बैरिकेटिंग की इस प्रकार से व्यवस्था की गयी है कि गौवंश को धूप से बचाया जा सके। गौवंशों के चारा व पीने के पानी हेतु खोर/नाद द्वारा समुचित व्यवस्था की गयी है। गौवंशों को सुंरक्षित करने हेतु नगर निगम के उक्त नन्दी पार्क में साफ–सफाई, सानी–पानी, नन्दी अभियान के लिये कुल 52 कर्मचारियों की तैनाती की गयी है। गौवंशों को उनके प्रकृति के अनुरूप वातावरण मिल सके इस हेतु गौशाला से सटे हुए लगभग 2.5 हेक्टेयर क्षेत्र में बाग भी विकसित किया गया है। गौवंशों के चिकित्सा, बधियाकरण एवं टैगिंग का कार्य पशुपालन विभाग, गाजियाबाद द्वारा किया जा रहा है।

•गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा नगर निगम, गाजियाबाद की भूमि पर अपने संसाधनों से लगभग रू. 10 करोड़ की कार्य योजना तैयार कर निराश्रित गौवंशों हेतु गौशाला का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें 1300 गौवंशों को संरक्षित रखा जा सकता है। उक्त के अतिरिक्त 1500 वर्ग मी. क्षेत्र में नगर निगम द्वारा स्थाई गौवंश आश्रय स्थल की स्थापना करायी गयी है। जिसके उपरांत वर्तमान गौशाला का कुल क्षेत्र 3.75 हेक्टेयर किया जा चुका है। गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गोबर से उपले बनाने वाली मशीन लायी गयी है तथा गोबर से वर्मी कम्पोस्ट भी बनाया जा रहा है एवं गौ–मूत्र एकत्रित करने के लिए रूचि–पत्र आमंत्रित किया गया है। निराश्रित गौवंश हेतु पर्याप्त मात्रा में चारे/भूसे की व्यवस्था की गयी है। काविड 19 संक्रमण से बचाव हेतु गौशाला में कार्य करने वाले श्रमिकों को वर्दी, दस्ताने, मास्क, साबुन आदि भी दिये गये है।

# कोविड–19 संक्रमण के रोकथाम एवं जागरूकता हेतु नगर आयुक्त द्वारा की गई अपील

## गाजियाबाद नगर निगम

(I.S.O. 9001, 14001 & 18001 प्रमाणित संस्था)

प्रेषक,

नगर आयुक्त
गाजियाबाद नगर निगम,
गाजियाबाद।

सेवा में,

प्रमुख सचिव
नगर विकास विभाग,
उ0प्र0 शासन
लखनऊ।

पत्रांक 3025 /न0आ0/2019–20 दिनांक 28.03.2020

विषय:– लॉक डाउन के अन्तर्गत नगर निगम द्वारा किये जा रहे अभिनव प्रयास के सम्बन्ध की कार्यवाही विषयक।

महोदय,

कृपया आप द्वारा एवं मा. मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 सरकार द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से दिये गये निर्देशों के क्रम में ऐसे लोग जो गाजियाबाद शहर से होकर गुजर रहे है या लॉक–डाउन के कारण शहर में फंसे हुये हैं, उनको भूख–प्यास के कारण किसी प्रकार की कोई जनहानि न हो, को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी महोदय से समन्वय स्थापित कर निर्देश प्राप्त करने के उपरान्त अधोहस्ताक्षरी द्वारा गाजियाबाद शहर की स्वयंसेवी संगठनों, एन0जी0ओ0, आर0डब्ल्यू0ए0, औद्योगिक इकाईयों एवं व्यापारिक संगठनों आदि से निःशुल्क भोजन(पैकेट) तैयार कर नगर निगम/जिला प्रशासन को वितरण कराने के लिए उपलब्ध कराने की एक अपील की गयी (छायाप्रति संलग्न) जिसके क्रम में लगभग 20 संस्थाएं सामने आये तथा उनके द्वारा ऐसे व्यक्तियों के लिए भोजन तैयार कर पैकेट, अनाज निःशुल्क मुहैया हेतु अनुरोध किया गया। इस कार्य को करने हेतु सड़कों पर भीड़ एकत्रित न हो इस व्यवस्था का सुनिश्चित बनाये रखने हेतु नगर निगम के सभी जोनल प्रभारियों को दायित्व सौंपा गया है कि वे निःशुल्क भोजन के पैकेट, अनाज आदि प्राप्त कर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से आवश्यकतानुसार सामाजिक दूरी बनाते हुए वितरित करायेंगे। इस व्यवस्था को सफल बनाने में निम्न संस्थाओं/संगठनों का योगदान रहा है जिनका विवरण संलग्न किया जा रहा है।

उपरोक्त के अतिरिक्त तत्क्रम में सादर अवगत कराना है कि ऐसे व्यक्ति जो लॉक–डाउन होने पर गाजियाबाद शहर से गुजर रहे हैं, को खाने–पीने में कोई कठिनाई न आये इसके लिये श्रीमती आशा शर्मा मा. महापौर जी के संरक्षण एवं अधोहस्ताक्षरी के नेतृत्व में नगर निगम के अधिकारियों द्वारा स्वैच्छिक आर्थिक सहयोग से होली चाईल्ड स्कूल चौराहे के निकट नगर निगम के सामुदायिक भवन में ऐसे व्यक्तियों के लिये पर्याप्त मात्रा में भोजन बनाने के लिये एक सामुदायिक रसोई का संचालन किया जा रहा है तथा शहर में पेयजल की व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने हेतु आवश्यकतानुसार पानी के टैंकरों को भी रखवाया गया है। इस प्रकार की समस्त व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित किये जाने हेतु नगर निगम मुख्यालय में कन्ट्रोल रूम(24X7) भी स्थापित किया गया जिसका टोल–फ्री नम्बर–18001803012 एवं दूरभाष नम्बर–0120–2791419, 2700389 है।

—2—

उपरोक्त के अतिरिक्त कोविड–19 के अन्तर्गत गाजियाबाद नगर निगम द्वारा संक्रमण से बचाव हेतु नगर निगम सीमान्तर्गत साफ–सफाई, समय से कूड़े का उठान, फोगिंग आदि के कार्य के साथ–साथ मुख्य चिकित्साधिकारी गाजियाबाद से प्राप्त रिपोर्ट/निर्देशानुसार जिन कालोनियों/क्षेत्रों में व्यक्तियों पाजिटिव रिपोर्ट आयी है उनको सैनेटाईजेशन कराया जा रहा है इसके अतिरिक्त शहर के मुख्य मार्गो, चौराहों, खुले सरकारी कार्यालयों, थानों इत्यादि में भी सोडियम हाइपो क्लोराईड का पानी में मानक के अनुरूप तरल तैयार कर छिड़काव का कार्य भी किया जा रहा है तथा नगर निगम द्वारा अपने संसाधनों से सम्पूर्ण नगर को सैनेटाईजेशन के दायरे में लाने का कार्य भी किया जा रहा है एवं जिन स्थानों/मैडिकल कॉलेजों को मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा चिकित्सीय सुविधाओं के लिए तैयार कराया जा रहा है उनको भी नगर निगम द्वारा सैनेटाईज कराया जा रहा है।

भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर कोविड–19 के अन्तर्गत संक्रमण से बचाव के लिए महत्वपूर्ण जानकारियाँ एवं नगर निगम द्वारा किये जा रहे कार्यो के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु प्रतिदिन प्रेस नोट तैयार कर (फोटोग्राफ सहित) समाचार–पत्रों के माध्यम से जन सामान्य तक पहुँचाया जा रहा है।

अतः सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।

संलग्नकः– यथोक्त।

भवदीय
28/03/20
(दिनेश चन्द्र)
आई.ए.एस.
नगर आयुक्त

पत्रांक व दिनांक तदैव–

प्रतिलिपिः– आयुक्त महोदया, मेरठ मण्डल, मेरठ के सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2– जिलाधिकारी महोदय, गाजियाबाद को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।

(दिनेश चन्द्र)
आई.ए.एस.
नगर आयुक्त

## गाजियाबाद नगर निगम

(I.S.O. 9001, 14001 & 18001 प्रमाणित संस्था)

### "लॉक डाऊन के अन्तर्गत नगर आयुक्त की सभी संगठनों से अपील"

कोरोना वायरस (कोविड–19) संक्रमण के प्रभाव को देखते हुए इससे बचाव एवं इसके फैलाव को रोकने के सम्बन्ध में शासन द्वारा दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं। शासन द्वारा संक्रमण के फैलाव को रोकने हेतु जनपद गाजियाबाद को लॉक–डाऊन घोषित किया गया है। लॉक–डाऊन होने के कारण नगर में कार्यरत दिहाड़ी मजदूरों अथवा घुमन्तू प्रवृत्ति के व्यवसाय करने वाले लोगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

भारत सरकार द्वारा एवं राज्य सरकार द्वारा ऐसे दिहाड़ी मजदूरों अथवा घुमन्तू प्रवृत्ति के व्यवसाय करने वाले लोगों की सहायता हेतु विभिन्न दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं, जिसके क्रम में स्थानीय स्तर पर जिलाधिकारी महोदय, गाजियाबाद से हुए विचार–विमर्श के उपरान्त ऐसे सभी स्वयंसेवी संगठनों, एन0जी0ओ0, आर0डब्ल्यू0ए0 आदि जो ऐसे व्यक्तियों के सहायतार्थ भोजन वितरण अथवा जो भी मदद आवश्यक हो करना चाहें वे नगर निगम के कन्ट्रोल रूम की हैल्प लाईन 18001803012 तथा मोबाईल नम्बर–8178016801, 8178018385 व 8178018393 पर Whatsaap के माध्यम से सूचित करने का कष्ट करें। इसके अतिरिक्त नगर निगम की ई–मेल आई0डी0 gzb.nagar.nigam2@gmail.com पर भी मेल द्वारा सूचित कर सकते हैं। गाजियाबाद नगर निगम ऐसे सभी संगठनों का हर सम्भव सहायता के लिये तत्पर है। उनके इस पुनीत कार्य में अगर किसी प्रकार की बाधा आ रही है तो उपरोक्त नम्बरों पर सूचित किया जा सकता है। ऐसे सभी इच्छुक स्वयंसेवी संगठन/एन0जी0ओ0/औद्योगिक एवं व्यापारिक संगठन आदि जो स्वेच्छा से निःशुल्क भोजन वितरण करना चाहते हैं, वे उपरोक्त नम्बरों पर सम्पर्क स्थापित करें। प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोविड–19 के सम्बन्ध में निर्गत निर्देशिका में दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में जो संस्था उपयुक्त पायी जायेगी तथा जिलाधिकारी महोदय जिस संस्था को ऐसे कार्य करने के लिये अनुमति प्रदान करेंगे वह ही सामाजिक दूरी के मानकों का पालन करते हुए ऐसे कार्य करने के लिये अधिकृत हो सकेंगे।

(दिनेश चन्द्र) 28/03/20
आई.ए.एस.
नगर आयुक्त

प्रतिलिपि– जिलाधिकारी महोदय, गाजियाबाद को उनके निर्देशों के क्रम में सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, गाजियाबाद को इस अनुरोध के साथ कि ऐसे समस्त स्वयंसेवी संगठन/एन0जी0ओ0/औद्योगिक एवं व्यापारिक संगठन आदि के सहयोग हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश जारी करने का कष्ट करें।

(दिनेश चन्द्र) 28/03/20
आई.ए.एस.
नगर आयुक्त

**सुरक्षा ही बचाव हैं–स्वच्छ रहें–स्वस्थ रहें– जनहित में जारी**

### अपील

मैं, दिनेश चन्द्र सिंह, नगर आयुक्त, गाजियाबाद नगर निगम सभी नगर वासियों से विनम्र अपील करता हूँ कि नगर निगम द्वारा निगम सीमान्तर्गत मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों आवश्यक सेवाओं के लिये खुले शासकीय कार्यालयों यथा–नगर निगम कार्यालय, पुलिस स्टेशनों/चौकियों, चिकित्सालय, मीडिया हाउस आदि को सेनेटाईज कराया जा रहा है। जिन क्षेत्रों में कोरोना वायरस के पॉजिटिव केस पाये गये हैं अथवा संदिग्ध हैं, उन क्षेत्रों में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर डॉ.मिथिलेश कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, गाजियाबाद नगर निगम की देख–रेख में अनुमन्य क्षेत्रफल में सैनिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। उदाहरण के तौर पर कौशांबी, वसुन्धरा एंव राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में पॉजिटिव केस पाये गये जिसके आधार पर उक्त परिधि में सैनिटाइजेशन कराया गया। इसके अतिरिक्त नगर निगम के वार्डो में फॉगिंग भी करायी जा रही है तथा यथासम्भव नगर निगम के अधिकांश वार्डो को कार्य–योजना तैयार कर सेनेटाईज कराया जा रहा है व शेष वार्डो को आगामी निकट दिवसों में सेनेटाईज कराया जायेगा। <u>यहाँ यह भी अनुरोध कराना है कि व्यक्तियों के घरों व आन्तरिक परिसर को नगर निगम द्वारा सेनेटाईज कराया जाना सम्भव नहीं है। सेनेटाईजेशन करने की प्रक्रिया अत्यन्त सरल है जिसमें 1 प्रतिशत सोडियम हाईपो क्लोराईड की अनुमन्य मात्रा शुद्ध जल में मिलाकर तैयार मिश्रण का छिड़काव कर अपने घरों को स्वयं ही सेनेटाईज किया जा सकता है अथवा 3 चम्मच ब्लीचिंग पाऊडर को 1 लीटर पानी में मिलाकर उसके मिश्रण से भी घरों को सेनेटाईज किया जा सकता है।</u> नगर निगम के सभी मा. पार्षदों एवं नगरवासियों से अपील है कि इस कार्य में अपना सहयोग प्रदान करकें। इस संक्रमण से बचाव हेतु मा. प्रधान मंत्री जी एवं मा. मुख्यमंत्री जी तथा वैज्ञानिको द्वारा एक सुझाव दिया गया है कि सामाजिक दूरी को बनाये रखें ताकि इस संक्रमण से स्वयं एवं अन्य नागरिकों को बचाया जा सके।

अपील
नगर आयुक्त एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण
गाजियाबाद नगर निगम

## कोविड–19 संक्रमण से प्रभावित निराश्रित जन्तुओं हेतु किया गया प्रयास

कोविड–19 के अन्तर्गत लॉक–डाऊन होने के बाद मा. मुख्यमंत्री जी, उ.प्र. सरकार द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में नगर आयुक्त द्वारा भूखे कुत्तों (श्वान), बन्दरों एवं अन्य जीव–जन्तुओं को भोजन खिलाने, पानी, दूध पिलाने आदि के लिए नगर के सम्भ्रांत नागरिकों से अपील की गयी कि वे नगर निगम परिवार के साथ जुड़े अथवा स्वयं भूखें कुत्तों (श्वान), बन्दरों एवं अन्य जीव–जन्तुओं को भोजन खिलाये, पानी, दूध पिलाये जाने जैसे पुनीत कार्य कर पुण्य के भागीदार बने। मा. मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के क्रम में नगर आयुक्त एवं नगर निगम परिवार तथा कुछ संगठनों द्वारा भूखें कुत्तों (श्वान), बन्दरों एवं अन्य जीव–जन्तुओं को भोजन खिलाना व पानी, दूध पिलाना प्रारम्भ भी किया गया है।







# कोविड–19 संक्रमण के रोकथाम हेतु नगर निगम द्वारा किये गये

## अभिनव प्रयास

कोविड–19 के अन्तर्गत गाजियाबाद नगर निगम द्वारा समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों हेतु **चलित हैंडवॉश यूनिट** लगाया गया है। जिसे व्यक्ति अपने पैरों का उपयोग कर अपने हांथों को साफ धो सकता है।

**न तो नल खोलने और छूने की परेशानी और न ही संक्रमण के फेलने की परेशानी**









बेजुबान पशु-पक्षियों को दाना-पानी देने की नगर आयुक्त दिनेश चन्द्र की अपील का दिखने लगा है असर

# पशु-पक्षियों को भोजन कराने स्वयं निकले नगर आयुक्त दिनेश चन्द्र






निवाण टाइम्स संवाददाता

गाजियाबाद। नगर आयुक्त दिनेश चंद्र ने लोगों से अपील के बाद स्वयं सड़क पर निकलकर पशु और पक्षियों को भोजन डालने लगे है। आज उन्होंने राजनगर में कुत्तों को भोजन देने के साथ पक्षियों को दाना और पानी डाला। उन्होंने आम लोगों से अपील की है कि वह अपने आसपास जानवरों को भोजन कराए। नगर आयुक्त दिनेश चंद्र का कहना है कि लाक डाउन के कारण सड़क पर घूम रहे जानवरों जैसे कुत्ते और पशु पक्षियों को भाजन नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में उनके सामने जीने का संकट खड़ा हो गया है। इस पुण्य कार्य के लिए हमें अपनी संवेदना बनाए रखनी होगी। इसके लिए उन्होंने आज राजनगर और शहर के विभिन्न इलाकों में पहुंचकर कुत्तों को भोजन कराया। इस दौरान उन्होंने सामाजिक संगठनों से ऐसे पशुओं को अधिक से अधिक भोजन कराने की व्यवस्था करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नगर निगम इस पुनीत कार्य में नागरिकों के साथ है। इसलिए वह ऐसा का करने वाली संस्थाओं को सम्मानित भी करेगा।

नगर आयुक्त दिनेश चंद्र ने अपनी अपील में कहा है कि लाक डाउन के दौरान श्रमिकों और मजदूर लोगों की मदद के साथ उन बेजुबान पशु पक्षियों की ओर भी हमें ध्यान देना होगा। यह पशु-पक्षी इन दिनों में चारे और दाने के अभाव में भटक रहे हैं। गोशालाओं में चारे का दान देने के साथ पशु पक्षियों को दाना पानी डालने को कहा है। यह हर नागरिक का संवेदनशील दायित्व भी है। जो संगठन बेसहारा पशुओं के लिए काम कर रहे है वह आगे आएं।

### संक्षिप्त वीडिया भेज सकते हैं निगम को

उन्होंने कहा कि जो संस्थाएं इस अभिनव प्रयास में लगी हुई है वह अपने इस प्रयास का संक्षिप्त वीडियो नगर निगम की ई-मेल एड्रेस पर भेजे। अथवा निगम की हेल्प लाइन नंबर पर संपर्क कर सकते है। निगम ऐसे लोगों के प्रयास की सराहना करता है। वीडियो जीजेडबी.नगर निगम@ मेल.काम पर भेजे जा सकते है अथवा 8178016900, 8178016801, 8178018376, पर भेज सकते है।



(दिनेश चन्द्र)
आई ए एस
नगर आयुक्त
गाजियाबाद नगर निगम

**नगर आयुक्त, गाजियाबाद की**
**विनम्र अनुरोध/अपील**

**कोरोना महामारी में मूक पशु पक्षियों को भूखा प्यासा न रहने दें**
**–इन्हे भी बचायें–**

पशु पक्षियों को दाना–चारा देना तथा पानी पिलाना सदियों से हमारी संस्कृति रही है। कोरोना महामारी के कारण चलने वाले लॉकडाउन/स्वप्रेरणा कर्फ्यू के कारण गाजियाबाद में कोई भी मूक पशु–पक्षी भूखा प्यासा न रहे इसके लिये नगर निगम गाजियाबाद अपने सभी निवासियों, पशु–पक्षी कल्याण के लिये काम करने वाली संस्थाऐ, गौशालाओं, सभी उदारमान संगठनों और सरकारी साथियों से विनम्र अनुरोध करता है कि पशु–पक्षियों को दाना पानी दें। सभी पशु–पक्षियों की जान बचाने का भागीरथ संकल्प लें क्योंकि मानव प्रकृति का अत्यंत संवेदनशील होना भी आवश्यक है। इसी क्रम में नगर निगम परिवार आपकी सेवा में सदैव तत्पर है। साथ ही मुझे आशा है कि गाजियाबाद के संभ्रान्त एवं संवेदनशील नागरिक मानव सेवा के साथ पशु–पक्षियों की सेवा विशेष रूप से सड़क पर घूमने वाले कुत्तों आदि की भूख प्यास मिटाने के लिये आगे बढ़कर कार्य कर रहे हैं, यदि किसी एन.जी.ओ., संस्था अथवा व्यक्तिगत स्तर पर किसी के द्वारा इस दिशा में सराहनीय तथा अभिनव प्रयास किया जा रहा है तो किये गये प्रयास की संक्षिप्त जानकारी वीडियो क्लिप के साथ ई–मेलः gzb.nagar.nigam@gmail.com एवं मोबाईल नंबर 8178016900, 8178016801, 8178018376, 8178018385 पर भेज सकते हैं। साथ ही आप सभी से अपील है कि आप अपने एवं अपने परिवार के स्वास्थ्य के लिये सामाजिक दूरी बनाते हुए आरोग्य ऐप डाउनलोड करें एवं खुद को रजिस्टर करें।

**–सुरक्षा ही बचाव है–स्वच्छ रहें–स्वस्थ रहें–जनहित में जारी–**

D/Jeet/N.A./Dec.-19/Press Note/ 10

# SOME GLIMPSE



# न्यूज़



उदय भूमि
गाजियाबाद
दिहाड़ी मजदूरों एवं जरूरतमंदों की मदद को आए कई संगठन
म्युनिसिपल कमिश्नर दिनेश चंद्र की अपील का असर
आश्रय स्थलों में ठहरे कोई भी भूखा न सोएं : महापौर
दबंग ब्यूरो » गाजियाबाद
अपना शहर
कोरोना वायरस ( कोविड-19 ) संक्रमण के प्रभाव को खत्म करने के लिए
गाजियाबाद : शनिवार, 28 मार्च 2020
नगर निगम ने कराया सेनेटाईजेशन का छिड़काव
मजदूरों एवं घुमंतू समुदाय
मदद करने वालों का है स्वागत
सत्यमेव जयते
कलक्ट्रेट कचहरी से लेकर
कॉलोनियों में हो रहा सैनेटाइजेशन
लॉकडाउन में खुलेंगे टेंडर
कार्य 14 अप्रैल बाद होंगे शुरू
दबंग ब्यूरो » गाजियाबाद
कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव को लेकर जिले में लागू लॉकडाउन में ही नगर निगम
अब विकास कार्यों के टेंडर खोलेगा। टेंडर खोलने और प्रक्रिया पूरी करने के बाद 14 अप्रैल
के बाद से शहर में इन विकास कार्यों को कराया जा सकेगा। नगर आयुक्त दिनेश चंद्र के आदेश
पर निर्माण विभाग द्वारा करीब 24 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के टेंडर मांगे थे। लॉकडाउन
के चलते अब इन टेंडरों को खोला जाएगा। ताकि विकास कार्य प्रभावित न हो सके। नगर
निगम द्वारा सभी 100 वार्डों में प्रत्येक वार्ड में 60-60 लाख रुपए के विकास कार्य कराने हैं।
इनमें सड़क, पार्कों की बाउंड्रीवाल, नाले, नाली का निर्माण, इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने आदि
कार्य शामिल हैं। निगम द्वारा पहले चरण में करीब 60 करोड़ रुपए के शहर में विकास कार्य
कराने के लिए टेंडर मांगे गए थे। यह करीब 511 विकास कार्यों में 113 कार्यों के ऐसे टेंडर
मिले थे। जो मानक के अनुसार नहीं आए थे। निगम ने इन विकास कार्यों के लिए दोबारा टेंडर
निकाले। करीब 24 करोड़ रुपए के इन विकास कार्यों के फरवरी में टेंडर निकाले गए थे। इन
टेंडर को डालने के लिए पहले 16 मार्च से बढ़ाकर 20 मार्च कर दी गई थी। कोरोना प्रकोप
के बाद 22 मार्च को जनता कर्फ्यू एवं लॉकडाउन अब 14 अप्रैल तक लागू है।
भास्कर
गाजियाबाद
नगर आयुक्त ने कोरोना वायरस से
बचने हेतु दिए महत्वपूर्ण सुझाव
3
निगमकर्मियों को
जल्द मिलेगा वेतन
उदय भूमि ब्यूरो

लॉकडाउन में पलायन

# रैन बसेरों में 600 से ज्यादा बेघर लोगों का बनेगा ठि[काना]

गाजियाबाद

गाजियाबाद, लोनी, साहिबाबाद, इन्दिरापुरम,

सच कहूँ 4

दिल्ली, रविवार, 29 मार्च 2020

# नगरायुक्त की अपील, सहायता को आगे आये संगठन

वितरण केंद्र बढ़ाने को पूर्व विधायक ने लिखा पत्र

इन्होंने दिया सहयोग

उदय भूमि

गाजियाबाद

नई दिल्ली 26 मार्च 2020

# निगम ने झोंकी ताकत ताकि ना फैले कोरोना वायरस

चीनी कोरोना वायरस संक्रमण को रोकने के लिए शहर में कराये जा रहे हैं सैनेटाइजेशन

दिनेश चंद्र
म्युनिसिपल कमिश्नर
गाजियाबाद।

3

# मेयर सहित निगम अधिकारियों ने किया आर्थिक सहयोग

उदय भूमि ब्यूरो

**गाजियाबाद।** चीन से शुरू हुए खतरनाक कोरोना वायरस संक्रमण से बचाने में जुटे गाजियाबाद नगर निगम के मेयर आशा शर्मा, म्युनिसिपल कमिश्नर दिनेश चंद्र सहित अन्य अधिकारी आर्थिक मदद के लिए भी आगे आ रहे हैं। मेयर एवं म्युनिसिपल कमिश्नर द्वारा ऐसा करने की इच्छा जताई जिसका निगम अधिकारियों ने समर्थन करते हुए आर्थिक मदद की घोषणा की। स्वेच्छिक आर्थिक सहयोग के लिए मेयर आशा शर्मा ने 21,000, म्युनिसिपल कमिश्नर दिनेश चंद्र ने 10,000, अपर नगर आयुक्त आरएन पाण्डेय ने 10,000, अपर नगर आयुक्त श्री प्रमोद कुमार ने 10,000, चीफ इंजीनियर मोइनुद्दीन ने 10,000 और एकाउंट आफिसर अरूण कुमार मिश्रा ने 10,000 रुपये दिये।

नगर निगम के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी ऐच्छिक आर्थिक सहयोग में योगदान करने की बात कही है। उधर, शहर को संक्रमण से बचाने के लिए नगर निगम द्वारा सैनेटाइजेशन के साथ अन्य सभी संभव प्रयास किये जा रहे हैं। साफ-सफाई, कूड़े का उठान, फोगिंग, सोडियम हाईपोक्लोराईड एवं ब्लीचिंग को मानक के अनुरूप पानी में मिलाकर मिश्रण तैयार करते हुए शहर के सभी आवश्यक सेवाओं से जुड़े खुले कार्यालयों, मुख्य मार्गो एवं गलियों में छिड़काव कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी गाजियाबाद की आख्या के अनुरूप जिन कॉलोनियों एवं स्थलों पर कोरोना वायरस के पॉजिटिव व्यक्ति मिल रहे हैं। उन कॉलोनियों को सैनेटाईज कराने में नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारीगण निरन्तर कार्य कर रहे है। इन क्षेत्रों में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश द्वारा अपनी मौजूदगी में सैनेटाइजेशन करावाया जा रहा है।

चीनी कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए कार्यालय में काम कर रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों व सफाई कर्मचारियों को म्युनिसिपल कमिश्नर द्वारा प्रशिक्षण के साथ मुंह को ढकने के लिये मास्क एवं हाथों को साफ रखने के लिये साबुन व सेनेटाईजर उपलब्ध कराया जा रहा है। नगर निगम मुख्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जहां आने वाली शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जा रहा है।

# शिकायत डालने के लिए निगम में पेटी रखी

**गाजियाबाद।** कोरोना संक्रमण को देखते हुए निगम ने गत दिनों और सख्त कदम उठाए। निगम प्रशासन अपनी शिकायत लेकर आने वाले लोगों का प्रवेश बंद कर दिया। लोगों को अगर कोई शिकायत देनी है तो इसके लिए गेट पर ही एक पेटिका रखवा दी है। उसमें ही अपनी शिकायत और सुझाव दे सकेंगे। साथ ही गेट पर ही सुरक्षाकर्मी भी तैनात कर दिए हैं। नगर निगम काफी दिनों से इसको लेकर सजग है। निगम प्रशासन ने सबसे पहले शिकायत देने के लिए निगम मुख्य ऑफिस आने वाले लोगों के लिए एकल टेबल योजना शुरू की थी।

इसके बाद भी लोग सीधे अफसरों से मिलने की कोशिश करते हैं। जो जोखिम भरा है। इसलिए निगम प्रशासन ने अब मुख्य ऑफिस परिसर का एक गेट तो बंद कर दिया। दूसरे गेट पर सुरक्षाकर्मी तैनात करते हुए उन्हीं के पास एक शिकायत पेटिका भी रख दी है। ताकि लोग अपनी शिकायत दे सकें। अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार ने कहा कि लोग चाहे तो जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

लोग अब साफ सफाई के प्रति और भी गंभीर होते जा रहे हैं। इसका असर अब दिखाई देने लगा है। निगम की आईटी सेल में पहले हर रोज दो से तीन शिकायतें ही गंदगी को लेकर आती थीं। अब इनकी संख्या में कई गुना इजाफा हो गया है। अब हर रोज 20 से 25 शिकायतें आ रही हैं। निगम के हेल्थ अफसर डॉ. मिथलेश कुमार का कहना है कि इन शिकायतों को रोज दूर किया जा रहा है।

हिन्दुस्तान 05

गाजियाबाद, बुधवार, 25 मार्च, 2020

# निगम ने कोरोना पर काबू पाने को झोंकी ताकत

सभी जोन व सार्वजनिक स्थलों पर किया जा रहा दवाई का छिड़काव

नगर आयुक्त दिनेश चंद की अपील


02 नई दिल्ली | शुक्रवार | 27 मार्च 2020 | गाजियाबाद-मुराद
कोरोना वायरस को लेकर निगम ने की एडवाइजरी जारी
नागरिकों से नगरायुक्त दिनेश चंद्र सिंह ने की अपील
सफाई व्यवस्था में दिन रात जुटे हैं नगर निगम कर्मचा
विगत एक पखवाड़े से गली-मोहल्लों को चकाचक बनाने में जुटी हुई है नगर निगम की टीम
कारगर उपाय
साफ-सफाई, फॉगिंग और सैनिटाइजेशन के हथियार से नगर आयुक्त कर रहे हैं कोरोना पर वार
अब नगर निगम कर्मचारियों को बांटे जाएंगे कपड़े से बने मास्क
हेमलता चौधरी, पूर्व विधायक
प्रशांत चौधरी
कोरोना को हराएं
भारत को विजयी बनाएं
भास्कर
नोएडा
गाजियाबाद
बुलंदशहर/हापुड़
नगर आयुक्त ने लाभार्थियों को दी सहायता राशि
कोविड-19 के संक्रमण को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने भोजन, सघन छिड़काव और सैनिटाइजेशन करवाया
नगर आयुक्त ने 15107 व्यक्तियों को दी एक-एक हजार रुपए की मुख्यमंत्री सहायता राशि
कोविड-19 प्रकोप को काबू में रखने के लिए नगर निगम द्वारा निरन्तर की जा रही है कार्रवाई
दिनेश चंद्र सिंह, नगर आयुक्त
गाजियाबाद-मुरादनगर
लॉक डाउन के अन्तर्गत संक्रमण के प्रभाव को कम करने के लिए
नगर निगम का अभियान जारी


# इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की गई समाजिक अभिव्यक्तियां









## आरोग्य सेतु ऐप

भारत सरकार द्वारा जारी किया गया आरोग्य सेतु ऐप नागरिकों को कोरोना संक्रमण से बचाव करने एवं अनके आस–पास संक्रमित व्यक्ति की सूचना से अवगत कराता है। साथ ही आपके स्वास्थ्य को ट्रैक करने एवं शारीरिक देख–भाल हेतु सुझाव भी देता है।

नगर निगम द्वारा नगर वासियों से इस संबंध में भी की गई अपील।



# सादर धन्यवाद!

